उज्जैन
बुधवार
01
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-147
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



उर्फी जावेद ने बनाया खुद का मजाक, नेटिजंस को भाया...

## रूस का मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रीमिया में क्रैश, 29 की मौत

**नई दिल्ली।** रूस का मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन मंगलवार को क्रीमिया में क्रैश हो गया। इसमें 23 यात्री और 6 क्रू सदस्य सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, पहले विमान से संपर्क टूट गया था। बाद में यह चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरूआती जांच में हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की जांच जारी है। प्लेन सोवियत दौर का सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान है। इसे एंटोनोव कंपनी ने बनाया था। इसकी पहली उड़ान 1969 में हुई थी।



## चीन- खाली फ्लैट खरीद परिजनों की अस्थियां रखने पर बैन

**बीजिंग।** चीन की सरकार एक नया कानून लाने जा रही है, जिसके तहत लोग अपने परिजनों की राख को खाली अपार्टमेंट में नहीं रख पाएंगे। इसे ह्यबोन ऐश अपार्टमेंटह्य कानून कहा जा रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक कब्रिस्तानों के अलावा कहीं और शव दफनाने या मकबरे बनाने पर भी रोक होगी बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में कब्रिस्तान लगातार महंगा होता जा रहा है। ऐसे में ह्यगुहुई फांगह्य यानी ऐसे फ्लैट्स का चलन बढ़ गया है, जहां लोग अपने परिजनों की अस्थियां रखते हैं। तेजी से शहरीकरण और बुजुर्ग आबादी बढ़ने के कारण शहरों में कब्रिस्तान की जमीन कम होती जा रही है और उनकी कीमत बहुत ज्यादा बढ़ गई है। चीन में हाल के वर्षों में घरों की कीमतें काफी गिरी हैं।

## ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस ने सोमवार को एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट किया जा रहा है। फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा।



## लखनऊ में एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** लखनऊ में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सोमवार शाम फ्लाइट पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से दिल्ली जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट यूपी के अंबेडकरनगर के ऊपर थी, तभी पायलट के केबिन में धुआं महसूस हुआ। उस समय विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। पायलट ने धुआं महसूस होते ही लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे कॉल किया। मेडे कॉल के बाद यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क उपलब्ध करा दिए गए। लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति लेकर विमान को शाम 5:17 बजे सुरक्षित लैंड कराया। तब से फ्लाइट लखनऊ के टर्मिनल-3 पर खड़ी है। फ्लाइट में 148 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

# मप्र के 12, राजस्थान के 6 जिलों में ओले गिरे

## 4 राज्यों में तेज बारिश; जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में एवलांच का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से 31 मार्च से 3 अप्रैल तक उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में तेज बारिश-ओलावृष्टि हुई। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच आया है और कई रास्ते बंद हो गए हैं। अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है। बारामूला में भारी बारिश के कारण एक स्कूल हॉस्टल में फंसे 34 छात्रों को आर्मी ने सुरक्षित बाहर निकाला। मध्य प्रदेश के 41 जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई, जबकि 12 जिलों में ओले गिरे। इसके चलते कई इलाकों में तापमान में गिरावट आई है और गर्मी का असर कम हुआ है।



### हरियाणा के हिसार समेत छह जिलों में ओलावृष्टि

हरियाणा के हिसार समेत छह जिलों में ओलावृष्टि और बारिश हुई, जबकि पांच अन्य जिलों में सिर्फ बारिश हुई। भिवानी के तोशाम में मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली के दौरान भी बारिश हुई, हालांकि पहले से अलर्ट होने के कारण यहां वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था की गई थी। उत्तर प्रदेश के मथुरा में भी शाम के समय तेज बारिश और ओले गिरे, जबकि नोएडा, गाजियाबाद और हाथरस में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। वहीं हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे अटल टनल, शिंकुला और रोहतांग दर्रा जैसे क्षेत्रों में फिर से ठंड बढ़ गई है।

## बिहार- नालंदा के मंदिर में भगदड़, 9 की मौत, इनमें 8 महिलाएं

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है। आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 25 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है।

### ममता का आरोप- भाजपा ने अवैध वोटरों के नाम जोड़ने की कोशिश की

## कोलकाता में ईसी ऑफिस के सामने भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

ब्रह्मास्त्र » कोलकाता

कोलकाता में चुनाव आयोग ऑफिस के बाहर मंगलवार को भाजपा और ळटउ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस के अनुसार, टीएमसी समर्थित बूथ लेवल अधिकारियों का एक ग्रुप वोटर लिस्ट में हेरफेर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाबलों पर पथराव किया। इससे वहां खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। बाद में भाजपा के कार्यकर्ता भी वहां झंडा लेकर पहुंच गए। इसके बाद ळटउ प्रदर्शनकारियों की पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया गया।

इधर बंगाल की उट ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा बिहार, उत्तर प्रदेश के अवैध वोटरों को बंगाल के वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश कर रही है। ममता ने पर एक पोस्ट में कहा- भाजपा के एजेंटों को बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन जमा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। यह वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है।

## सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत, इनमें चार महिलाएं, एक बच्चा शामिल

### घर में रखा था 8 टन साड़ियों का स्टॉक

ब्रह्मास्त्र » सूरत



गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था। इससे घर में पैदल चलने तक की जगह नहीं बची थी। इसी के चलते आग इतनी तेजी से भड़की। किसी को बचने का मौका नहीं मिला। मरने वालों में एक बच्चे समेत 4 महिलाएं शामिल हैं। इनके नाम- शाहनाज बेगम अंसारी, हुसा बेगम अंसारी (उम्र 18 वर्ष), शबीन अंसारी (उम्र 28), परवीन अंसारी (उम्र 19) और शुभान अंसारी (उम्र 4) शामिल हैं।

## बेंगलुरु में इंजीनियर कपल ने सुसाइड किया, पति फंदे से लटका मिला, पत्नी ने 17वीं मंजिल से कूदकर जान दी

ब्रह्मास्त्र » बेंगलुरु

बेंगलुरु के कोथनूर इलाके के अपार्टमेंट में एक इंजीनियर कपल के सुसाइड का मामला सामने आया है। पहले पति का शव फ्लैट के बंद कमरे में मिला। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो पत्नी ने सिक्योरिटी और पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर पति का शव फंदे से लटका मिला। इसके कुछ ही मिनट बाद पत्नी फ्लैट से बाहर निकलीं और उसी अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतकों की पहचान तेलंगाना के सिद्दीपेट निवासी भानु चंदर रेड्डी कुंटा (32) और उनकी पत्नी शाजिया (31) के रूप में हुई है। भानु चंदर सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। शाजिया क्कट में काम करती थीं। रेड्डी ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में बताया। साथ ही लिखा कि उनकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाए। पुलिस के अनुसार, कपल की शादी को लगभग नौ साल हो चुके थे। इससे पहले दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुके थे। सूत्रों ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद उनके बीच अक्सर विवाद होते रहते थे।

### सांची ने अभी नहीं बढ़ाए रेट

# प्रदेश में आज से दूध भी महंगा: 5 लीटर तक बढ़ेंगे दाम, इंदौर में 3, धार में 4 रुपए का इजाफा


ब्रह्मास्त्र » इंदौर

महंगाई की मार अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच गई है। नए वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल से इंदौर सहित मध्य प्रदेश के कई बड़े शहरों में दूध के दामों में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है। इंदौर में दूध की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है, जिससे अब दूध 63 से 65 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिलेगा।

दूध विक्रेताओं ने नई दरों का एलान कर दिया है। इंदौर में जहां 3 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, वहीं पड़ोसी जिले धार में कीमतें 4 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दी गई हैं। मप्र दुग्ध विक्रेता महासंघ के अध्यक्ष भारत मथुरावाला के अनुसार, केवल इंदौर ही नहीं, बल्कि भोपाल, ग्वालियर,



जबलपुर, उज्जैन, देवास और बड़वाह जैसे शहरों में भी 2 से 4 रुपए तक की बढ़ोतरी की जाएगी। संघ का कहना है कि अगर पशु आहार जैसे कपास खली, चारा और भूसे के दाम बढ़ते रहे तो भविष्य में फिर से कीमतों पर विचार किया जा सकता है।



इन्दौर दूध विक्रेता संघ, इन्दौर (म.प्र.)

31/03/26

1 अप्रैल से दूध के भाव में वृद्धि
दूध उत्पादक को 35 पैसे प्रति फैट की वृद्धि
उपभोक्ताओं को 1 रूपये घर पहुँच अतिरिक्त सेवा शुल्क देना होगा

## सभी वार्ड में नया कचरा कलेक्शन वाहन बोरिंग व 2 मंडलियों को देंगे झांझ-मंजीरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को 2026-27 का बजट निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में पेश किया गया, जिसमें 4592 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। महापौर मुकेश टटवाल ने बजट का वाचन करते हुए बताया कि कुल 4591 करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित हैं, जबकि 22.50 लाख रुपए की बचत का अनुमान है।

बजट में शहर के विकास, सिंहस्थ की तैयारियों, सड़क चौड़ीकरण, जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था और आवास निर्माण जैसे प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया है। बजट चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और हंगामा भी देखने को मिला। बजट में वार्डों के विकास के लिए 50 करोड़ सहित नगर विकास से जुड़े दो अन्य मद जोड़े गए हैं। सदन की शुरूआत सुबह 11.45 बजे हुई। बजट प्रस्तुति के दौरान महापौर ने पिछले साल की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि 50 करोड़ के संपत्तिकर लक्ष्य के मुकाबले 49 करोड़ की वसूली हो चुकी है।

12 सड़कों का निर्माण और 31 सीसी रोड व फुटपाथ कार्य पूरे किए गए, लेकिन जैसे ही इस साल फिर भजन मंडलियों को झांझ-मंजीरे वितरण का मुद्दा उठा, सदन में इसकी जरूरत पर बहस शुरू हो गई। पक्ष और विपक्ष में हो रही चर्चा के बीच हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद सदन 1.45 बजे स्थगित करना पड़ा। दोपहर 2.30 बजे पुनः सदन शुरू हुआ और कुछ पूरक प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बजट को मंजूरी दे दी। अंत में शोक प्रस्ताव पढ़ा और मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। वार्डों के विकास के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने कई अहम कार्यों को स्वीकृति दी है। 25 से अधिक मार्गों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया है। चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए पंवासा क्षेत्र में प्लॉट विकसित किए जाएंगे। हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट के तहत गंभीर नदी को जलप्रदाय का विकल्प बनाने की दिशा में काम होगा। इसके अलावा क्षिप्रा नदी के किनारे 15 घाटों के सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों को हरी झंडी दी है।

## अमृतसर के राष्ट्रीय नाट्य समारोह में उज्जैन के रंगकर्मी शर्मा सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अमृतसर में मंच रंगमंच की ओर से आयोजित 26वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में उज्जैन के वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा को स्व. गुरुशरण सिंह की स्मृति में स्थापित थियेटर कमिटमेंट नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मान प्रदान करते हुए मंच रंगमंच के निदेशक केवल धालीवाल ने कहा कि शर्मा को कोर्ट मार्शल, लहरों के राजहंस और आषाढ़ का एक दिन जैसे नाटकों ने विशेष पहचान दिलाई।

# उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर धुरंधर टेपा सम्मेलन

## हास्य अभिनेता राकेश बेदी और व्यंग्य कवि को मिलेगी टेपा उपाधि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर 1 अप्रैल (बुधवार) को कालिदास अकादमी में 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन धुरंधर टेपा सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में फिल्म धुरंधर-2 में जमील जमाली का किरदार निभाने वाले प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही देश के प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम दर्शकों के लिए रात 8 बजे से पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

### टेपा वेशभूषा में नजर आएंगे कवि

सम्मेलन में स्थानीय आमंत्रित हस्तियों पर प्रशस्ति-वाचन भी होगा। कार्यक्रम में चिल्मी मुकदमा जैसे आयोजन भी शामिल किए गए हैं। टेपा रपट और चिल्मी मुकदमों के आयोजन में टेपा रपट, प्रशस्ति वाचन और टेपा चिल्मी मुकदमे चलेंगे। अतिथियों को पारंपरिक टेपा वेशभूषा पहनाई जाएगी। टेपा टॉप कवि सम्मेलन में मधुबनी बिहार के शंभू शिखर, मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नौद की प्रिया खुशबु, धार के लोकेश जडिया और मालवी कवि पं. राहुल शर्मा काव्य पाठ करेंगे। सम्मेलन के सूत्रधार दिनेश दिग्गज और अशोक भाटी होंगे, जबकि सहयोगी कुलदीप रंगीला, सुरेन्द्र सर्किट और प्रेमशीला श्रीवास्तव रहेंगे।

### कार्यक्रम में सीएम भी होंगे शामिल

अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा की स्मृति को समर्पित है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा करेंगे। टेपा



अतिथि के रूप में आईजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट आदिश सी अगरवाला, बैरवा समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, समाजसेवी नरेश शर्मा, सीए कमलेश धनोतिया, मुख्य वन संरक्षक प्रफुल्ल फुलजेले और मप्र औद्योगिक विकास निगम के निदेशक राजेश राठौर को आमंत्रित किया गया है।

### विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों का होगा टेपा सम्मान

सम्मेलन में अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। 53वें टेपा सम्मेलन में प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी को राधा लाला अमरनाथ स्मृति टेपा सम्मान, कवि सुभाष काबरा को पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति टेपा सम्मान, हास्य कवि शंभू शिखर को सांदीपनी न्यास टेपा सम्मान, कवयित्री प्रिया खुशबू को रंगकर्मी भगवती शर्मा स्मृति टेपा सम्मान, कवि एकेश पार्थ को स्व. रणछोड़सिंह आंजना स्मृति टेपा सम्मान और प्रसिद्ध हास्य कवि लोकेश जडिया को स्व. किशनलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इसी तरह प्रसिद्ध मालवी कवि राहुल शर्मा को गणेश चिन्तामण शास्त्री पंडा नाहरवाला स्मृति टेपा सम्मान, पॉडकास्टर अवनी कोठारी को स्व. आरक्षक आशा बैस स्मृति टेपा सम्मान, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. आदिश सी अगरवाला को कानूनविद स्व. बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति टेपा सम्मान, वृक्ष मित्र समिति के अध्यक्ष अशोक भातखंडे को स्व. अशोक ब्रजलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान, समाजसेवी नरेश शर्मा को स्व. शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान तथा चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को मानव कला संकेत टेपा सम्मान से नवाजा जाएगा।

**पत्रकारिता सम्मान-** मीडिया क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रिका के संपादक नितिन चावड़ा को पत्रकार मानसिंह बैस स्मृति सम्मान, आईएनएच के राहुल यादव को स्व. सत्यनारायण गोयल स्मृति सम्मान, नवभारत के भूपेंद्र भूतड़ा को एडवोकेट ज्ञानस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति सम्मान और दैनिक भास्कर के राजेश पांचाल को स्व. कन्हैयालाल भूतड़ा स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी और निगम की टीम कार्रवाई

# महाकाल मंदिर मार्ग के 12 मकान पर चला बुलडोजर, रोड में बाधा बन रहे थे

### मंदिर की स्मार्ट पार्किंग जाने का मार्ग संकरा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल्द ही एक और मार्ग चौड़ा होने जा रहा है जिससे भक्त आसानी से मंदिर तक पहुंच सकेंगे। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने भारत माता पार्किंग स्थल से अहिल्याबाई चौराहे तक 15 मीटर चौड़ीकरण के अंतर्गत मार्ग में आ रहे भवनों को नगर निगम द्वारा जेसीबी एवं पोकलेन के माध्यम से हटाया गया, स्मार्ट सिटी के द्वारा अहिल्याबाई चौराहा जो कि बेगम बाग मार्ग से भारत माता पार्किंग स्थल तक 15 मीटर की चौड़ाई के साथ उक्त मार्ग का निर्माण किया जाएगा मार्ग में 14 भवनों में बेगमबाग से स्मार्ट पार्किंग के बीच बाधक बन रहे 12 मकानों को जेसीबी से तोड़ दिया।

बेगमबाग से महाकाल मंदिर की स्मार्ट पार्किंग तक जाने का मार्ग संकरा था जिसके कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही थी। 24 मीटर चौड़े प्रस्तावित रोड का एक हिस्सा पहले से महाकाल



थाने से लेकर पालकी द्वार तक बनाया जा चुका था।

मंगलवार को प्रशासन ने बेगमबाग की ओर से स्मार्ट पार्किंग तक बने 12 मकानों को तोड़ दिया। इसके बाद अब जल्द ही यहां रोड बनने से मंदिर जाने का मार्ग सुलभ हो जाएगा। एडिशनल एसपी राहुल देशमुख ने बताया कि 14 मकानों को चिन्हित किया है। 12 पर कार्रवाई की है। किसी ने भी कोई विरोध नहीं किया है। निगम के अमले ने कुछ ही घंटों में मकानों को तोड़ दिया।

### एक हफ्ते पहले यूडीए ने तोड़े थे 15 मकान

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने पिछले मंगलवार को लीज उलंघन मामले में 15 मकान ध्वस्त किए थे। जबकि पहले 42 मकान जमींदोज किए जा चुके है। प्राधिकरण अभी यहां कुल 90 दुकान होटल मकान हटा रहा है।

## महावीर जन्मोत्सवः शोभायात्रा में जयकारों से गूंजा उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सकल जैन समाज ने भगवान महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार सुबह पारंपरिक रूप से शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए और जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

श्वेतांबर और दिगंबर समाज के लोगों ने मिलकर नमकमंडी स्थित जैन मंदिर से जुलूस की शुरूआत की। यहां भगवान महावीर को चांदी की वेदी में विराजमान कर श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाया। जुलूस में जैन संत-साध्वियां, 24 तीर्थंकरों के चित्र, बैंड-बाजे, डीजे और पारंपरिक वेशभूषा में महिला मंडल शामिल रहे। शोभायात्रा में युवक-युवतियां और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजन गाते और नृत्य करते नजर आए। शोभायात्रा में युवक-युवतियां और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजन गाते और नृत्य करते नजर आए। जुलूस नमकमंडी, छोटा सराफा, सती गेट, कंठाल, फव्वारा चौक, इंदौर गेट, सखीपुरा, घी मंडी, तोपखाना, उपकेश्वर चौराहा और बंसफोड़ गली होते हुए खाराकुआं मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

# हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी के मकान तोड़ेंगे, खाली मिल की जमीन में रोड बना दें तो 50 घर बच जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गाडी अड्डा से मक्सी रोड बायपास तक जाने वाली एमआर-4 चौड़ीकरण के लपेटे में मप्र हाउसिंग बोर्ड की? अधिकृत कॉलोनी भी आ गई। सारे तय मापदंडों पूरे करते हुए सरकारी संस्था द्वारा बसाई इस कॉलोनी की सड़क से लगी एक पूरी लाइन के 30 मकान तोड़ने की तैयारी हो गई। निगम ने मकानों पर निशान भी लगा दिए। जबकि यहां बगैर तोड़फोड़ किए भी मिल की खाली जमीन में सड़क बनाकर 50 घरों को टूटने से बचाया जा सकता है। क्योंकि मप्र हाउसिंग बोर्ड ने यह कॉलोनी वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेकर बसाई थी। वर्ल्ड बैंक ने भी पूरा सर्च करने के बाद फायनेंस किया।

शासकीय संस्था ने भी कॉलोनी एक्ट के सारे नियमों का पालन करते हुए नक्शा अप्रूव कराते हुए कॉलोनी बसाई। आम लोगों ने भी सरकारी संस्था पर भरोसा जताते हुए यहां प्लॉट और मकान खरीदे। ?बावजूद इसके मप्र हाउसिंग बोर्ड की विश्व बैंक कॉलोनी ढांचा भवन के 30 से ज्यादा मकानों पर निशान



लगाते हुए नगर निगम ने इन्हें 25 से 30 फीट अंदर तक तोड़ने की तैयारी की ली। यही ऐसा हुआ तो हाउसिंग बोर्ड व यूडीए जैसी शासकीय संस्थाओं की कॉलोनियों से भी आमजनों को भरोसा उठ जाएगा।

टीएंडसीपी अप्रूव सरस्वती नगर के भी 20 मकान तोड़ेंगे ढांचा भवन कॉलोनी से लगे सरस्वती नगर को 4 साल पहले साल 2022 में ही टीएंडसीपी ने अप्रूव किया। इसका नक्शा पास करते हुए कॉलोनी को अधिकृत किया। अब यहां के भी 20 मकानों को तोड़ने के लिए सोमवार को नोटिस जारी हो गए। सड़क शिफ्ट हो जाए तो खतरनाक मोड भी खत्मः हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी के एक कोने पर एल आकार का टर्न है। जहां हर दिन हादसे होते है। सड़क को उक्त पुरानी सड़क के अलावा अलग से हीरा मिल की जमीन पर बना दिया जाए तो यह टर्न भी खत्म हो जाएगा।

रहवासियों की पीड़ा : 15 साल पहले 17 लाख में दुकान खरीदी, जो पूरी तोड़ रहे हाउसिंग बोर्ड की ढांचा भवन कॉलोनी में करीब 15-16 साल पहले अरुण अग्रवाल ने 8 बाय 10 की एक दुकान 17 लाख रुपए में खरीदकर मेडिकल खोल लिया। यह पूरी दुकान तोड़ते हुए पीछे के मकान का 2 फीट हिस्सा तोड़ने के लिए चिह्नित कर दिया। कृष्णा चौहान ने 2009 में हाउसिंग बोर्ड से मकान लिया। 2022 में निगम से अनुमति लेकर डबल मंजिल मकान बनवाया। इसके लिए उन्होंने 16 लाख रुपए लोन लिए।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।
अर्थः अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पावर हाउस के कर्मचारी को पीटा, वायरलेस सेट छीना

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी के साथ बदमाशों द्वारा सोमवार रात गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले विवाद किया फिर पत्थर मारकर घायल कर दिया और साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अलवासा निवासी प्रकाश पंवार नरवल पेट्रोल पंप के पास स्थित पावर हाउस में ड्यूटी पर थे। 29 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक बिना नंबर की बाइक से वहां पहुंचा और ड्यूटी पर कौन-कौन है, इसकी जानकारी लेने लगा।

प्रकाश ने बाइक सवार से पूछा कि तुम कौन हो और तुम्हें इस बात से क्या लेना तो आरोपी जबरन अंदर घुसने लगा। इसी दौरान प्रकाश ने उसे रोका और अपने अधिकारी से वायरलेस सेट बात करने के लिए कहा तभी आरोपी ने वायरलेस छीनकर फेंक दिया और अश्लील गालियां देने लगा।

विरोध करने पर उसने पत्थर मार दिया, जिससे कर्मचारी के सिर में चोट आई।

इसके बाद आरोपी अपने अन्य साथियों को लेकर वापस आया और सभी ने मिलकर प्रकाश के साथ मारपीट की। शोर सुनकर अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा तो बदमाश भाग निकले। घटना के दौरान आरोपी अपनी बिना नंबर की बाइक मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### एमआईसी मेंबर ने कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर में एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा ने मंगलवार को कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा। यह मामला जोन क्रमांक 11 के इदरीश नगर का है, जहां ड्रेनेज सेफ्टी टैंक को खाली करने के नाम पर 1500 रुपए कर्मचारियों द्वारा अलग से मांगे गए थे, जबकि जिनके यहां पर सेफ्टी टैंक खाली होना था वह पहले ही नगर निगम की रसीद कटा चुके थे। हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि कर्मचारी नगर निगम का है या ठेकेदार का है।

कर्मचारियों ने जब रुपए मांगे तो संबंधित व्यक्ति ने एमआईसी मेंबर को इसकी जानकारी दी। सूचना पर एमआईसी मेंबर मौके पर पहुंचे और पूरा मामला जाना। उन्होंने मौके से ही वायरलेस और फोन के माध्यम से झोनल अधिकारी और संबंधित ठेकेदार से बातचीत की और जानकारी निकाली की रसीद कटाने के बाद भी 1500 रुपए लगते हैं क्या ? जोनल अधिकारी ने बताया कि केवल रसीद के ही पैसे लगते हैं तो एमआईसी मेंबर ने संबंधित ठेकेदार से भी बात कर उन्हें समझाया कि इससे नगर निगम का नाम खराब होता है। इस घटनाक्रम का वीडियो भी उन्होंने बनाया।

# इंदौर में किन्नरों का उत्पात, नेग के नाम पर हंगामा

## लसूड़िया के घरों में घुसकर धमकी-अश्लीलता के आरोप, एक परिवार से 80 हजार दिलवाने का आरोप



### तुलसी नगर में हंगामा मारपीट के आरोप

इससे पहले तुलसी नगर निवासी आशीष दुबे के घर भी किन्नरों द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया था। पीड़ित के अनुसार, 6-7 किन्नर बिना अनुमति घर में घुस आए और 51 हजार रुपए की मांग करने लगे। परिवार द्वारा कम राशि देने की बात कहने पर आरोप है कि उन्होंने अश्लील हरकतें कीं, धमकाया और घर में तोड़फोड़ की। पीड़ित ने बताया कि किन्नरों ने विरोध करने पर उसकी मां के साथ मारपीट की, बाल पकड़कर खींचा और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि घर में रखी देवी-देवताओं की मूर्ति उठाकर फेंकने का भी आरोप लगाया गया है। शोर-शराबा होने पर पड़ोसी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

### पहले भी हुई थी बैठक

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही लसूड़िया थाने में किन्नरों के व्यवहार को लेकर बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें तुलसी नगर की घटना पर सामूहिक माफी भी मंगवाई गई थी। इसके बावजूद दोबारा ऐसी घटना सामने आने से क्षेत्र में आक्रोश है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर के घर में घुसकर 50 हजार मांगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लसूडिया इलाके में किन्नरों द्वारा उपद्रव के दो मामले सामने आए हैं। नेग के नाम पर जबरन पैसे मांगने, अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को शिकायत दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

महालक्ष्मी नगर निवासी डॉ. आशीष चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च की सुबह किन्नरों का एक समूह उनके भाई के घर में घुस गया। उस समय घर में महिलाएं अकेली थीं। आरोप है कि किन्नरों ने नेग के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की और अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील हरकतें कीं। पीड़ित के अनुसार, सूचना मिलने पर पुलिस को डायल-100 पर बुलाया गया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के सामने ही किन्नरों को 80 हजार रुपए दिलवाए गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज और रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया गया है। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और तारेश सोनी (टीआई, लसूड़िया) को दी गई है।

# फिनाइल कांड के आरोपी अक्षय कुमायूं को जमानत, फॉरेंसिक रिपोर्ट में कुछ नहीं मिला

### इंदौर में किन्नरों के फिनाइल पीने की पुष्टि नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के पंढरीनाथ में हुए चर्चित फिनाइल कांड मामले में कई महीनों बाद पकड़े गए आरोपी अक्षय कुमायूं को कुछ ही दिनों में जमानत मिल गई। एडवोकेट के तर्कों से सहमत होकर जज ने अक्षय को सशर्त जमानत दे दी। अक्षय को रेप कांड में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। उसे फिनाइल कांड में पुलिस ने आरोपी बनाया था।

पंढरीनाथ पुलिस ने कुछ दिन पहले बड़वाह के पास से अक्षय कुमायूं, निवासी रावजी बाजार को पकड़ा था। उस पर 20 हजार का इनाम था। पंढरीनाथ में 24 किन्नरों के फिनाइल पीने के मामले में वह आरोपी था। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वकील मनीष यादव ने उसकी जमानत के लिए जिला कोर्ट में अर्जी लगाई थी। वकील द्वारा जज के सामने तर्क दिया गया कि इस प्रकरण में पहले ही मुख्य आरोपी राजा हाशमी की जमानत हो चुकी है और अक्षय का पूर्व में आरोपियों से कभी झगड़ा नहीं रहा। गुटबाजी के चलते उसे आरोपी बनाया गया है। वहीं, वकील मनीष यादव ने यह भी तर्क दिया कि किन्नरों के एसिड पीने की पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट में भी नहीं हुई है। पूरा विवाद दो गुटों का बताया गया। इन सभी तर्कों से सहमत होकर कोर्ट ने अक्षय को सशर्त 1 लाख रुपए की जमानत दे दी।

अक्षय की जमानत को लेकर किन्नर गुट ने आपत्ति भी दर्ज कराई थी, लेकिन वह उनके तर्कों के सामने टिक नहीं पाई। कोर्ट ने उनके तर्कों से सहमत होकर जमानत दे दी।अक्षय पर किन्नरों ने रेप का भी आरोप लगाया था। इस मामले में भी उसे पहले ही अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जो वकील मनीष यादव ने दिलाई थी।

# जिंदा महिला को कागजों में किया मृत घोषितः जमीन हड़पने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में उस समय अजीब स्थिति बन गई जब गीताबाई नाम की एक वृद्ध महिला अपनी शिकायत लेकर पहुंची। महिला का आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में उसे मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि वह पूरी तरह जीवित है।

सांवेर तहसील की गीताबाई ने बताया कि सरपंच कार्यालय की कथित मिलीभगत से उसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया गया। इसी आधार पर उसकी करीब पौने दो बीघा जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज करा दी गई। महिला का कहना है कि जय बजाज नामक व्यक्ति ने उसे दस्तावेजों में मृत दर्शाकर जमीन अपने नाम करा ली। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब गीताबाई के बेटे हरिराम ने बताया कि जब वह जमीन पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। हरिराम का आरोप है कि उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। न्याय की आस में हरिराम अपनी मां को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां दोनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## इंदौर में फ्लैट दिलाने के नाम पर झांसाः

# फर्जी दस्तावेज से 29 लाख की ठगी, एक आरोपी पकड़ाया, दो फरार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लसूडिया थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बेलमोंट पार्क स्थित फ्लैट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 29 लाख रुपए की ठगी की थी।

टीआई तारेश सोनी के अनुसार, सुदामा नगर निवासी भुवनेश्वर राव, ब्रह्मदीप परिहार और दत्त पचौरी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि नादिया नगर निवासी राजेश पुत्र



बाबू सिंह कुशवाह, महेश नगर निवासी आशीष पारीक जैन और लव कुशवाह ने बेलमोंट पार्क, केलोद हाला में फ्लैट बेचने के नाम पर उनसे धोखाधड़ी की।

शिकायतकताओं के मुताबिक आरोपियों ने उनके खाते में 29 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए और इसके बाद फरार हो गए। मामले की जांच के बाद पुलिस ने लसूडिया थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 319(2), 336(3), 340(2) और 61(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मामले में मुख्य आरोपी राजेश कुशवाहा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार किया है। फिलहाल आशीष पारीक जैन और लव कुशवाह फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, राजेश कुशवाहा के खिलाफ अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की चेयरमैन डॉ. अग्रवाल ने किया पुरस्कृत

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल को विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिष्ठित 'इंडियन आइकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की चेयरमैन डॉ. ईशा अग्रवाल के हाथों प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. अग्रवाल मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015, माइलस्टोन इंटरनेशनल प्रिंसेस 2017, ग्लोबल इंटरनेशनल प्रिंसेस 2018 और मिस ब्यूटी टॉप ऑफ द वर्ल्ड 2019 की विजेता रही हैं। इस गरिमामय अवसर पर विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के संस्थापक अध्यक्ष और 184 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय मेडिटेशन ट्रेनर बीके डॉ. दीपक हरके सहित विहान अनिकेत हरके, सुप्रिया अनिकेत हरके तथा प्रतीक्षा घोंगड़े विशेष रूप से उपस्थित थे।

### महावीर जन्म कल्याणक की रथयात्रा में गूंजे जयकारे, पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों ने मोहा मन

**उज्जैन।** महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकाली गई रथयात्रा में नवकार सेवा संस्थान किड्स विंग के बालक-बालिकाओं ने अति उत्साह के साथ सहभागिता की। इस दौरान बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में भगवान महावीर के जयकारे लगा रहे थे।

हाथों में जैन धर्म का ध्वज लिए और धार्मिक वेशभूषा से सुसज्जित इन बच्चों ने मार्ग में सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शहर के प्रबुद्धजनों ने भी बच्चों के इस उत्साह की जमकर सराहना की। विशेष रूप से समाजसेवी नारायण यादव, पूर्व मंत्री पारस जैन, विधायक अनिल कालुहेड़ा और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बच्चों की प्रशंसा की।

संस्थापक अध्यक्ष श्वेता भंडारी ने बताया कि इस आयोजन में 150 बच्चे शामिल हुए, जिन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए। रथयात्रा में व्यवस्थापक के रूप में श्वेता चोपड़ा, सरिता रत्नबोहरा, अंजू मनोज सुराणा, सीमा दुग्गड़, हेमा दलाल, सारिका मारू और प्रमीला कंकरेचा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

### नगर निगम के कर्मचारियों ने रसीद कट्टे लिए हिसाब कर जमा नहीं किए

# आडिट को नहीं मिले 20 रसीद कट्टे , गबन की आशंका

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,सामान्य पावती,वाहन पार्किंग, जलकर के हैं रसीद कट्टे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में एक बार फिर से गबन की आशंका बलवती हो रही है। कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए 20 रसीद कट्टे गायब हैं। कर्मचारियों ने रसीद कट्टे तो लिए लेकिन उनका हिसाब कर जमा नहीं किए हैं। इसके चलते नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिल रहा है। इस मामले को स्थानीय संपरीक्षा आडिट विभाग ने खोला है।

नगर निगम में रसीद कट्टे से गडबड का यह पहला मामला सामने नहीं आया है। दो दशक पूर्व में पीएचई में भी ऐसा मामला सामने आया था। गायब 20 रसीद कट्टे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राजस्व विभाग अन्यकर,पीएचई के कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए थे लेकिन वसूली उपरांत कर्मचारियों ने हिसाब देकर इन्हें जमा नहीं किया है। इसी पर यह स्थिति उभरी है।

आडिट रिपोर्ट में खुलासा-

स्वच्छता के लिए स्पाट फाईन एवं अन्य वसूली के कट्टे गायब होने के




मामले का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट में होने के बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इसके अलावा यह भी सामने आया है कि कर्मचारियों ने नगर निगम के कार्यों के लिए एडवांस राशि ली लेकिन उसका हिसाब कर लौटाया नहीं हैं।

### ये लिखा आडिट ने-

आडिट विभाग ने अपनी और से नगर निगम को लिखे पत्र में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न मदो की वसूली हेतु विभिन्न झोनो एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (जलकर) में वसूलीकताओं द्वारा उपयोग की गई रसीद बुकों में से कतिपय रसीद बुकें सम्परीक्षा हेतु वर्षान्त तक प्रस्तुत नही की गई है। जिससे रसीद बुकों से वसूल की गई मदवार राशियों का निगम कोष में जमा का सत्यापन किया जाना संभव नही हो सका। रसीद बुकें संपरीक्षा हेतु प्रस्तुत नही किये जाने से इनसे वसूली की गई राशि का दुरूपयोग किया जाकर निगम को आर्थिक क्षति पहुँचाई जाने की प्रबल संभावनायें है। अतः अब म.प्र. नगर पालिक निगम (वित्त एवं लेखा) नियम 2018 के अध्याय 12 के नियम 232 में प्रावधान के परिपालन में परिशिष्ट क्रमांक 05 अनुसार अविलम्ब रसीद बुकें आवासीय सम्परीक्षा को उपलब्ध करवाये जाने हेतु निगम प्रशासन का विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है। अप्राप्त रसीद बुकों में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आने पर निगम प्रशासन पूर्णतः उत्तरदायी होगा। साथ ही मुख्य स्टोर द्वारा जारी रसीद बुक्स कम्पलीट होने के पश्चात उपयोग की गई रसीद बुक्स स्टोर में वापस जमा किया जाना भी सुनिश्चित कर संपरीक्षा को अवगत करावें।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एमआईसी के समक्ष ऑडिट फाइंडिंग रिपोर्ट रखी गई है। नगर निगम आयुक? अभिलाष मिश्रा ने कहा कि यह फाईंडिंग रिपोर्ट है । इसमें कई तरह की फाईंडिंग है । जो एडवांस लिया वो जमा नहीं किया। चालान की बुक जमा नहीं की। इस तरह की फाईडिग आती है। उस पर कार्रवाई की जाती है। ये हर वर्ष की रूटीन प्रक्रिया है। इस वर्ष एडवांस वाली बात थी उस पर रिकवरी जारी है। कुछ कर्मचारी खूद भर रहे हैं। कई बार संबंधित कर्मचारियों से वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चालान की बुक के मामले में कई बार सही समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं जिसका विवरण में आ जाता है। यदि रसीद बुकों का हिसाब नहीं मिलता है, जिसके भी नाम से बुक जारी की गई है उसके नाम से रिकवरी की जाएगी।

### रामघाट मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करें-

**उज्जैन.** आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा महाकाल मंदिर से चौबीस खंभा मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा महाकाल मंदिर से महाकाल चौराहे नीलकंठ द्वार तक एवं कहारवाड़ी मार्ग से चौबीस खंबा मार्ग एवं रामघाट मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास के होटलो के द्वारा निजी वाहनों को सड़क पर पार्किंग करने पर होटल संचालकों पर जुमार्ने की कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए.

## जिंदा जलाने की धमकी देकर महिला से मांगे थे 5 हजार

### हिस्ट्रीशिटर बदमाश को 3 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खुद को दादा बताते हुए महिला को जिंदा जलाने की धमकी देकर 5 हजार रुपए मांग रहे हिस्ट्रीशिटर बदमाश को पुलिस ने 3 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार सुबह गणेश घाट कालोनी में रहने वाली कविता पति मेहरबान ठाकुर ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि रात में नटराज टाकिज के पास रहने वाला असलम पिता हैदर शाह घर के बाहर खड़ा होकर अपशब्द बोल रहा था और खुद को दादा बताकर कहने लगा कि यहां व्यापार करना है तो 5 हजार रुपए देना होगें। नहीं तो जिंदा जला दूंगा। मामला हिस्ट्रीशिटर बदमाश और गंभीर होने पर तत्काल धारा 308 (5), 296 (बी), 351 (3) भारतीय न्याय संहिता का दर्ज किया और बदमाश की गिरफ्तारी के लिये एएसआई सुनील देवके की टीम गठित की और रवाना किया। 3 घंटे की तलाश के बाद बदमाश को नटराज टाकिज के पीछे से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश वर्ष 2006 से अपराधों में लिप्त है। उसके खिलाफ मारपीट, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, चोरी, धमकाने और गाली-गलौच के पूर्व में 15 अपराध दर्ज है। महिला की शिकायत पर 16 वां अपराध दर्ज किया गया है।

## नीलगंगा सरकार में 2 अप्रैल को मनेगा हनुमान जन्मोत्सव, होगा विशाल भंडारा

### स्कंद पुराण में वर्णित प्राचीन नीलगंगा हनुमान मंदिर में 16वें वर्ष भी होंगे भव्य आयोजन, अखंड धूना है आस्था का केंद्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के प्राचीन और ऐतिहासिक श्री अंजनीपुत्र नीलगंगा हनुमान मंदिर नीलगंगा सरकार में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 2 अप्रैल गुरुवार को मंदिर ट्रस्ट और भक्तगण के सहयोग से लगातार 16वें वर्ष विशाल भंडारा आयोजित होगा।

मंदिर ट्रस्ट के महंत अर्पित दास और पुजारी राजू गुरु ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे महाआरती होगी और फिर भोजन प्रसादी के रूप में भंडारा शुरू होगा, जो प्रभु इच्छा तक अनवरत चलेगा। शाम को होने वाली इस विशेष महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

स्कंद पुराण के अवंती खंड में है तीर्थ का उल्लेख

नीलगंगा हनुमान मंदिर अपनी प्राचीनता, पौराणिकता और धार्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र है। धार्मिक ग्रंथ स्कंद पुराण के अवंती खंड में इस पवित्र स्थल का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

### शहर से देहात तक दहशत का माहौल.. रात में बाहर निकलना मुश्किल, एक दर्जन से ज्यादा लोग हो चुके घायल

# गर्मी बढ़ी तो आक्रामक हुए आवारा कुत्ते, उज्जैन में बढ़े हमले के मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में बढ़ती गर्मी के साथ आवारा कुत्तों का व्यवहार आक्रामक होता जा रहा है। तापमान बढ़ने के साथ कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में लोग रात के समय घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों में एक दर्जन से अधिक लोगों के कुत्तों के हमले में घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों का इलाज चरक अस्पताल के साथ-साथ निजी और अस्पतालों में भी कराया जा रहा है। स्थानीय निवासी दीपक शर्मा के अनुसार, शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं और राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं।

शहर के कई क्षेत्रों, खासकर फ्रीगंज नानाखेड़ा छत्री चौक, गोपाल मंदिर, तोपखाना, इंदौर गेट, आसपास के इलाकों में रात 11 बजे के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है। इन इलाकों में कुत्तों के झुंड सक्रिय हो जाते हैं, जिससे लोगों में भय बढ़ गया है।

लगातार बढ़ रही घटनाओं के बावजूद नगर स्तर पर ठोस नियंत्रण की कमी नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानों पर शिफ्टिंग जैसे कदम तुरंत उठाने की जरूरत है।यह समस्या केवल मौसमी नहीं, बल्कि शहरी प्रबंधन की कमी का संकेत भी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में हमलों की संख्या और बढ़ सकती है। प्रशासन, नगर निगम और नागरिकों के समन्वय से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

## उज्जैन के वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा पंजाब में 'थियेटर कमिटमेंट नेशनल अवार्ड' से सम्मानित

**उज्जैन।** शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा को पंजाब के अमृतसर में आयोजित 26वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में प्रतिष्ठित 'थियेटर कमिटमेंट नेशनल अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। 'मंच रंगमंच अमृतसर' द्वारा आयोजित इस समारोह में शर्मा को यह सम्मान स्वर्गीय गुरु शरण सिंह की स्मृति में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में मंच रंगमंच के निदेशक केवल धालीवाल ने शरद शर्मा की कला साधना की सराहना की। उन्होंने कहा कि शर्मा ने दुष्यंत की पंक्तियों ३कैसे आकाश में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो३ को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया है और वे पिछले 45 सालों से इसी मार्ग पर अग्रसर हैं। शर्मा को 'कोर्ट मार्शल', 'लहरों के राजहंस' और 'आषाढ़ का एक दिन' जैसे नाटकों ने राष्ट्रीय स्तर पर विशेष प्रतिष्ठा दिलाई है। इस अवार्ड के महत्व को रेखांकित करते हुए धालीवाल ने बताया कि यह सम्मान इससे पूर्व चंडीगढ़ की नीलम मान सिंह, पश्चिम बंगाल की ऊषा गांगुली, पाकिस्तान की मदीहा गौहर, पंजाब के जितेन्द्र बरार, दिल्ली के प्रोफेसर देवेंद्र राज अंकुर और जम्मू-कश्मीर के बलवंत ठाकुर जैसी प्रख्यात हस्तियों को दिया जा चुका है। इसी गौरवशाली क्रम में अब मध्य प्रदेश के उज्जैन से शरद शर्मा का नाम जुड़ गया है।

## खबर एक नजर...

### वेयर हाउस पर गश खाकर गिरे ड्रायवर की थमी सांसे

**उज्जैन।** राघवी क्षेत्र के ग्राम खेड़ा खजूरिया में रहने वाला दशरथ पिता शंभुलाल 35 साल ड्रायवरी करता था। मंगलवार को मक्सी स्थित शराब वेयर हाउस पर गाड़ी भरने गया था। जहां अचानक गश खाकर गिर गया, उसे वेयर हाउस के कर्मचारी मक्सी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन को उसकी मौत का विश्वास नहीं हुआ और दशरथ उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। यहां भी डॉक्टरों ने ईसीजी कर परीक्षण किया, लेकिन उसकी सांसे थम चुकी थी। आशंका जताई गई कि दशरथ को हार्ट अटैक हुआ था। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया और शव अंतिम संस्कार के लिये खेड़ा खजूरिया ले गये।

### कार-बाइक भिड़ंत में राजस्थान के युवक की मौत

**उज्जैन।** ग्राम कानाखेड़ी-पिपलियाधूमा के बीच उज्जैन-गरोठ मार्ग पर बाइक और कार के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार लव पिता जीतमल धाकड़ 35 साल ग्राम बैरीसाल भीलवाड़ा राजस्थान की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्राम इंदोख टोल प्लाजा की एम्बुलेंस पहुंची। ईएमटी विनय वर्मा ने मृतक को अस्पताल तक पहुंचाया। उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर झारड़ा थाना पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मंगलवार को परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि लव इंदौर में प्रायवेट जॉब करता था और छुट्टी लेकर भीलवाड़ा आ रहा था। पुलिस ने मामले में एम्बुलेंस के ईएमटी विनय वर्मा की शिकायत पर कार से हुई दुर्घटना में युवक की मौत का प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद कार और चालक मौके पर मिले। पुलिस ने कार को जप्त किया है।

### चारा काट रहे अखाड़े के सेवादार को सांप ने डंसा

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग खाकी अखाड़े का सेवादार मंगलवार सुबह गायों के लिये चारा काट रहा था। उसी दौरान घास के बीच सांप की पूंछ उसके हाथ में आ गई और चारे के साथ कट गई। सांप ने पलटवार किया और सेवादार लखर पिता गजराज को डंस लिया। तत्काल लखन के अखाड़े अन्य सदस्य चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, बताया जा रहा है कि सांप ज्यादा जहरीला नहीं था, जिसके चलते सेवादार की हालत खतरे से बाहर बनी रही। बावजूद डॉक्टरों ने एक दिन आब्जेर्वेशन में रखने की बात कहीं।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 279-7 | 179-7 |
| मेन बाजार | 264-2 | 600-6 |
| मिलन डे | 299-0 | 246-2 |
| मिलन नाइट | 344-1 | 139-3 |
| 2 | 3 | 6 |

### एसपी बोले क्यों ना रोकी जाये वार्षिक वेतन वृद्धि

# विष्णु सागर में बंद थे कैमरे, साक्ष्य संकलन में हुई थी बाधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस कंट्रोलरूम पर मंगलवार को विभाग की तकनीकी कार्यप्रणाली के साथ अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। तकनीकी कार्यप्रणाली को लेकर एसपी ने 10 पुलिसकर्मियों से बोला क्यों ना वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी जाये। वहीं अपराध समीक्षा में 2 प्रभारियों पर अर्थदंड लगाया और एक प्रभारी को जानकारी नहीं होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने विभाग की कई शाखाओं के साथ सुरक्षा-व्यवस्था और अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की थी। इस दौरान उन्होने पुलिस विभाग की तकनीकी ईकाई की




कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों को लेकर 26 मार्च की शाम विष्णु सागर में लापता हुई ढाई साल की बालिका के मामले में नाराजगी जताते हुए बोला कि उक्त क्षेत्र के 16 से 28 मार्च तक कैमरे बंद थे। बालिका की सुरक्षा और विवेचना की दृष्टि से इतने लंबे समय तक कैमरे बंद रहना और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देना अत्यंत गंभीर है। उन्होने कंट्रोलरूम प्रभारी सुबेदार मनीष शुक्ला, एसआई (रेडियो) अनिल सराफ, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विनोद मिश्रा, रविन्द्रसिंह, इरफान खान, महिला प्रधान आरक्षक नीलम चौहान, रणजीतसिंह भाटी, कैलाश देवड़ा, आरक्षक शुभम नामदेव और गगनदीप डाबी पूछा कि क्यो ना सभी की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जाये। विष्णु सागर के साथ शहर की तकनीकी सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं है। उन्होने सभी 10 पुलिस कर्मियों को कारण बताओं नोटिज जारी कर बंद कैमरों के मामले में जवाब मांगा और कहा कि भविष्य में किसी भी गंभीर और महत्वपूर्ण मामले में तकनीकी देरी या लापरवाही पाई गई तो संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### अपराध समीक्षा में सामने आई लापरवाही

एसपी शर्मा ने अपराधों की समीक्षा के दौरान भी नाराजगी जाहिर की। उन्होने खाराकुआ थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा, प्रभारी थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई और नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई को अपने क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों की सही जानकारी नहीं होने पर 5-5 हजार का अर्थदंड लगा दिया, यहीं नहीं महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह परिहार की लापरवाही सामने आने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### मकान विवाद में पुत्र ने लाठी से किया पिता पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मकला में रहने वाला गोपाल पिता काना 50 साल सोमवार रात गांव में अशोक की दुकान पर बैठ बीड़ी पी रहा था। उसी दौरान पुत्र लालाराम आया और कहा कि तुमने दूसरी औरत रख ली है। उसके पास रहा करो, यहां मत आया करो। यह मकान मेरे नाम कर दो। गोपाल ने पुत्र के तेवर देख उसे फटकार लगाई तो उसने लाठी से हमला कर दिया। गोपाल सिर में लगी गंभीर चोट से लहूलुहान हो गया। गांव ने वालों ने बीच बचाव किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायल को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। वहीं बयान दर्ज कर लालाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल गोपाल को झारड़ा अस्पताल से उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है।

# कैमरों की मदद से पकड़ाया जेब काटने वाला बदमाश

## होटल में ले रखा था रूम, हेयर सैलून की दुकान पर करता है काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक यात्रा पर आये अभिभाषक की जेब काटने वाले बदमाश को एक माह बाद कैमरों की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश ने होटल में रूम ले रखा था और हेयर सैलून की दुकान पर काम कर रहा था। आज पुलिस बदमाश को न्यायालय में पेश करेगी।

हरियाणा के पानीपत स्थित गोहाना रोड अशोक विहार में रहने वाले अभिभाषक अभिमन्यु पिता वेदप्रकाश कोशिक 27 फरवरी को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आये थे। गढ़ कालिका मंदिर में दर्शन के दौरान भीड़ के बीच उनकी जेब अज्ञात बदमाश ने काट ली थी। पर्स में 22 हजार रुपए नगद और दस्तावेज रखे थे। मंदिर में हुई वारदात की शिकायत अभिभाषक ने जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बदमाश का पता लगाने के लिये प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट, आरक्षक रूपेश ठाकुर, राहुल, हरिओम भदौरिया, भूपेन्द्र ठाकुर की टीम गठित की थी। टीम द्वारा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, वहीं आसपास के कैमरों को भी खंगाला गया। जिसमें उक्त संदिग्ध की गतिविधियां दिखाई दी। फुटेज के आधार पर उक्त युवक की तलाश शुरू की गई और मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया गया। एक माह बाद मंगलवार को मुखबीर से खबर मिली कि उक्त हुलिये का युवक गढ़कालिका मंदिर के पास भैरवगढ़ रोड़ पर घूम रहा है। तत्काल पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी की उक्त संदिग्ध को हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर संदिग्ध का नाम जयदीप पिता लालशंकर भाटिया निवासी ग्राम छापी डूंगर राजस्थान सामने आया। सख्ती करने पर उसने जेबकटी की वारदात कबूल कर ली। प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट ने बताया कि जेबकटी की वारदात का खुलासा होने पर आरोपी ने बताया कि वह देवासगेट क्षेत्र की होटल में एक माह से रूम लेकर रह रहा है। महाकाल क्षेत्र में हेयर सैलून की दुकान पर काम करता है। पुलिस होटल पहुंची तो वहां से अभिभाषक का पर्स और दस्तावेज बरामद हो गये। वहीं 5 हजार की राशि भी जप्त की गई। शेष राशि उसने खर्च करना बताया है। फिलहाल अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बुधवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। बदमाश के खिलाफ महाकाल में जहरीली शराब का मामला भी दर्ज होना सामने आया है।

### युवक से मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**उज्जैन।** ताजपुर के ग्राम उमरिया जागीर में रविवार-सोमवार रात 12 बजे घर की लाईट बंद होने पर चालू करने के लिये अनिल पिता कैलाश परमार पड़ोस में रहने वाले नाथूबा के निमार्णाधीन मकान के पास पहुंचा था। तभी नाथूबा ने चोर-चोर की आवाज लगा दी। समीप रहने वाले कान्हा, पप्पू और एक अन्य वहां पहले और अनिल के साथ लाठी-डंडे से बुरी तरह मारपीट कर दी। अनिल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किये और मारपीट करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# खेत में काम करने वाले निकले चोरी के आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किसान के खेत से चोरी हुई हजारों रुपए की कॉपर केबल चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। दोनों समीप खेत में हाली का काम करते थे।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार को ग्राम किठोदाराव में रहने वाले किसान रामसिंह जादौन ने मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि रविवार रात खेत पर लगे बोरिंग से अज्ञात बदमाश 15 हजार रुपए कीमत की कॉपर केबल चोरी कर ले गये है। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार को खबर मिली कि केबल चोरी करने वाले कमलसिंह खेत में बनी टापरी के पास खड़े और केबल जलाकर कॉपर निकलकर बेचने की फिराक में है। तत्काल ग्राम किठोदाराव पहुंचकर दबिश दी गई। पुलिस को देख 2 युवक जलती केबल छोड़ भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकड़ा गया और टापरी में जल रही केबल को बुझाकर जप्त किया गया। दोनों से पूछताछ करने सामने आया कि सगे भाई दुला पिता थावर सूर्यवंशी और रामचंद्र सूर्यवंशी निवासी ग्राम पीर काचरिया थाना झारड़ा हाल मुकाम किठोदाराव टापरी है। वह खेत में हाली का काम करते है, रात में उन्होने केबल चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### पत्नी लौटी तो फंदे पर लटका मिला पति

**उज्जैन।** प्रेम विवाह करने वाले 3 बच्चों के पिता ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी घर लौटी तो उसने पति को लटका पाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। चिमनगंज थाना क्षेत्र की पदमावती कालोनी में रहने वाले अशीष पिता रमेश शर्मा 35 साल ने घर में पत्नी की साड़ी से फांसी लगा ली थी। शाम को पत्नी पूजा काम से लौटी तो उसने पति लटका मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। आशीष को फंदे से उतारकर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया।

# युवक की गर्दन पर चाकू रख लूटे थे रुपए और मोबाइल

## रेलवे क्रासिंग से हिरासत में आया आरोपी, बाइक-चाकू, मोबाइल बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गर्दन पर चाकू रख लूट की वारदात को अंजाम देने वाला बदमाश सोमवार-मंगलवार रात पुलिस की हिरासत में आ गया। उसकी निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल, चाकू और लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि 26 फरवरी की रात दुगार्पुरा पारदी गेट के पास रहने वाले जफर ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ढाबे से खाना खाकर बाइक से लौट रहा था। रास्ते में बदमाश अरबाज लाला आया और रास्ता रोक गर्दन पर चाकू रख कहा कि चिल्लाया तो जान से मार दूंगा। उसने जेब में रखा ओपो कंपनी का मोबाइल और साढ़े तीन हजार रुपए निकाल लिये। अरबाज धमकी देकर बाइक से भागा है। मामले में धारा 309 (4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। अरबाज पहले भी चोरी और मारपीट के चार मामलों का आरोपी रह चुका था। जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। रात में पता चला कि अरबाज उर्फ भूरा पिता सलीम 25 साल निवासी बडी जीन राजीव कालोनी



नागदा रेलवे क्रासिंग के पास दिखाई दिया है। जिसे गिरफ्तार के लिये एसआई संजय माथुर, आरक्षक संदीप यादव, हेमराज को रवाना किया। अरबाज ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने लूट करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानेदेही पर लूटा गया मोबाइल, चाकू और बाइक बरामद की गई है। लूट गये रुपए उसने खर्च कर दिये थे, जिसके चलते बरामदगी नहीं हो पाई। मंगलवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### कीटनाशक के प्रभाव में आकर बेहोश हुआ युवक

उज्जैन। ग्राम चांदमुख में रहने वाला गोपी पिता नारायणसिंह अजमेरा 24 साल दोपहर में अपने खेत पर लहसुन की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। दवा के प्रभाव में आने वह बेहोश हो गया, शाम को घर नहीं लौटा तो परिजन खेत पर पहुंचे, जहां बेसुध हालत में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चिंतामण गणेश थाना पुलिस युवक के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची।

# महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है-विजयजी म.सा.

## जैन स्कूल में भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम




प्रभु महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके लिए महावीर को मंदिरों में नहीं सबके मन में बसाना आवश्यक है। आचरण में यदि प्रभु महावीर के सिद्धांत रहेंगे तो यह जन्म सार्थक हो जाएगा।

परम पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी म.सा. के इन उद्गारों के साथ श्री सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में 2625 वां भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मना। जैन स्कूल में इस अवसर पर भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया।

स्वामी वात्सल्य से पूर्व पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी म.सा., परम पूज्य गणीवर्य श्री विरतिंद्र विजयजी एवं श्री कीर्तिन्द विजयजी आदि ठाणा की निश्रा में धर्मसभा हुई। इसका शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया। श्री सकल जैन श्रीसंघ के मार्गदर्शक एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप सहित श्रीसंघ प्रतिनिधि मंचासीन रहे।

धर्मसभा के आरंभ में श्री सकल जैन श्रीसंघ के संचालक मंडल की ओर से राजेन्द्र खाबिया, प्रकाश मूणत, निर्मल लुनिया, जयंत बोहरा, सुशील छाजेड़, अभय पोरवाल, ओम अग्रवाल एवं राजेश सुराणा ने अतिथि स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने समाज अध्यक्षों के साथ सहयोगियों का बहुमान किया।

इससे पूर्व धर्मसभा में श्री काश्यप ने कहा कि हमारे पास भगवान महावीर का पवित्र दर्शन है जिससे देश और दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है। इस दर्शन को 14 हजार से अधिक साधु-साध्वीगण अपना घर-परिवार छोड़कर जन-जन का दर्शन बनाने के लिए प्रयासरत हैं। भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत के दर्शन सदैव प्रासंगिक है रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे दर्शन के कारण ही दुनिया में जंग लड़ रहे ईरान और इजराइल भारत को मित्र राष्ट्र के रुप में देख रहे हैं। धर्मसभा का समापन मांगलिक से किया गया। संचालन प्रकाश मूणत ने किया।

इस अवसर पर सकल जैनश्री संघ के श्री देवसुर तपागच्छ चारथुई श्रीसंघ गुजराती उपाश्रय के अशोक जैन चोटाला, श्री साधुमार्गी जैन श्रीसंघ के विनोद मेहता , श्री आराधना भवन ट्रस्ट के हिम्मत गेलडा, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीम चैक के अजय खिमेसरा, श्री तेरापंथ महासभा के विजय वोरा, श्री त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के सुशील छाजेड, श्री खरतरगच्छ श्रीसंघ के अशोक चोपडा, श्री ज्ञानगच्छ श्रीसंघ के रितेश डोसी, श्री दिगम्बर साठ घर गोठ के नरेंद्र गोधा, श्री दिगम्बर स्टेशन श्रीसंघ के ओम अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।



## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिवस हर्षोल्लास से मनाया

पिपलियामंडी। सकल जैन समाज के द्वारा बड़े उत्साह व उमंग के साथ भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रातः 8.30 पर एक चल समारोह साधुमार्गी जैन स्थानक भवन मनासा रोड से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ स्थानीय पोरवाल धर्मशाला पर जाकर एक विशाल सभा के रूप में परिणित हुआ। जहां आचार्य रामलाल जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्ति महासती श्री चंचल कंवर जी एवं चारित्र प्रभा जी आदि ठाना सात का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महासति चंचल कंवर जी म.सा. ने भगवान महावीर के जीवन का वृत्तांत बताते हुवे कहा कि जितने उपसर्ग भगवान महावीर पर आए वे एक तरफ और बाकी के तीर्थंकर एक उपसर्ग एक तरफ महासति जी ने महावीर के उपदेशों को आत्मसात करने और उस पथ पर चलने का आग्रह किया। महासती जलज श्री जी म. सा. ने बताया कि आज इस अवसर पर सकल जैन समाज एक जाजम पर आया है ।

## आज से 5 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक मेला, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

मन्दसौर। 1 से 5 अप्रैल तक स्थानीय संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागृह में पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन जा रहा है। जिसका आज दोप. 12 बजे शुभारंभ होगा यह मेला प्रतिदिन दोप. 12 से सायं 8 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मंगलवार को कलेक्टर अदिती गर्ग ने अधिकारियों के साथ पुस्तक मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने बताया कि मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से सभी प्रकार की शैक्षणिक पुस्तकें एवं कॉपियां उपलब्ध रहेंगी। इसमें एमपी बोर्ड, सीबीएसई एवं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग, यूनिफॉर्म एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सुविधाजनक एवं कम दरों पर पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। मेले में 15 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक की छूट भी दी जाएगी। कलेक्टर ने जिले के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पुस्तक मेले का अधिक से अधिक लाभ लें।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर विशाल चल समारोह निकला

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सकल जैन समाज द्वारा मंदसौर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक चल समारोह निकाला गया। पंच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन निकले इस जुलूस का शुभारंभ सरदार पटेल चौराहा स्थित जैन दिवाकर द्वार एवं तार बंगला मंदिर से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के पुरुष, महिलाएँ और युवा उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। चल समारोह गांधी चौराहा, दया मंदिर रोड, कालाखेत, सदर बाजार, धानमंडी, बड़ा चौक और गणपति चौक से होता हुआ रूद्राक्ष माहेश्वरी भवन पहुँचा, जहाँ सामूहिक स्वामीवात्सल्य (गौतम प्रसादी) का आयोजन किया गया।

चल समारोह के दौरान पूरा मार्ग महावीर प्रभु के जयकारों से गुंजायमान रहा। जुलूस में शामिल आकर्षक झांकियां, जैन ध्वज और प्रभु महावीर का भव्य रथ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे, जिन्होंने जन-जन तक भगवान के सत्य और अहिंसा के संदेशों को पहुँचाया। विभिन्न जैन मंदिरों, स्थानकों और महिला मंडलों की सदस्याएं कतारबद्ध होकर हाथों में संदेश पट्टिकाएं लेकर चल रही थीं,

## श्री तलाई वाले बालाजी अष्टसिद्धि महायज्ञ में वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

विश्व प्रसिद्ध श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हनुमद् प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एकादश कुंडात्मक अष्टसिद्धि हनुमद् महायज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा, जहाँ दिनभर चले विविध धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस महायज्ञ के माध्यम से जन-कल्याण और विश्व शांति की कामना की जा रही है।

अनुष्ठान के तृतीय दिवस प्रातःकाल आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा च्शास्त्रीज (धारियाखेड़ी) के सानिध्य में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान से देव पूजन, मंडप पूजन और अष्टसिद्धि पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात रुद्र स्वाहाकार का विशेष अनुष्ठान हुआ, जिसमें वेदमंत्रों की गूंज के साथ यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित की गईं।

## 2 किलोग्राम से अधिक अफीम के साथ राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को 2 किग्रा अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ३० मार्च को उपनिरीक्षक बापू सिंह बामनिया एवं उनकी टीम ने मुखबिर के जरिए प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए भानपुरा-झालावाड़ रोड स्थित भगवानपुरा के पास नाकाबंदी की। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (आरजे 33 एसजी 6793) को रोका गया, जिस पर लोकेश प्रजापति पिता जुगल प्रजापति, निवासी ग्राम भोलू थाना चेचट जिला कोटा (राज.) सवार था। वाहन की तलाशी लेने पर उसके पास से 2005 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ४ लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके से अवैध अफीम और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी लोकेश प्रजापति को गिरफ्तार किया व उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने यह खेप ग्राम भोलू निवासी रामरतन पिता मेहताब किरार से लाना स्वीकार किया है, जिसके आधार पर पुलिस ने रामरतन को भी प्रकरण में नामजद आरोपी बनाया है। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद दांगी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# प्रदेश के कृषि बजट में 90 हजार करोड़ का प्रावधान- श्री देवड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में इस कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार पूरे वर्ष कृषि से संबंधित, कृषि आधारित कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस वर्ष बजट में कृषि के लिए 90 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने नीमच जिले के जावद में मण्डी प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय जीरो बजट आधारित कृषि प्रशिक्षण शिविर के मंगलवार को समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, पद्मश्री सुभाष पालेकर, मीरोलेब्स की संस्थापक सुश्री सुनिता गुप्ता, दीप प्रोजेक्ट के श्री नचिकेत भटकर सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मंचासीन थे।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अपने उदबोधन में जीरो बजट आधारित कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि किसान भाईयों ने इस प्रशिक्षण में जो भी सीखा है, जाना, समझा है, उसे धरातल पर उतारने का प्रयास करें। खेती में अपनाएं। उन्होने जावद क्षेत्र में विधायक श्री सखलेचा की पहल पर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण अभियान, डिजीटल शिक्षा, ए.आई.शिक्षा के प्रोजेक्ट की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा, कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के गरीबों को आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए प्रति वर्ष निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में डीबीटी से राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होने उपस्थितजनों का आव्हान किया, कि हर एक व्यक्ति जिस क्षेत्र में भी है, उस क्षेत्र में मन लगाकर काम करने का संकल्प लें, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना साकार होगी। उपमुख्यमंत्री ने दीप प्रोजेक्ट के तहत जावद क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के ए.आई.सीखने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होने जावद क्षेत्र की सभी नगर परिषदों के निवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदगणों का स्वागत/अभिनन्दन भी किया। विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा, कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की निःशुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है।

## नर सेवा ही नारायण सेवा के जीवंत प्रतीक गनेड़ीवाल पंचतत्व में विलीन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

मंदसौर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और उद्योगपति श्री रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल के स्वर्गवास के पश्चात मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा निकली। वे समाजसेवी और उद्योगपति प्रदीप गनेड़ीवाल एवं प्रद्युम्न गनेड़ीवाल के पूज्य पिता तथा स्वर्गीय राय साहब सेठ लक्ष्मीनारायण गनेड़ीवाल के सुपुत्र थे। उनकी पार्थिव देह को एक दिव्य रथ में रखा गया था, जिसमें परिजन भी साथ चल रहे थे। परिवार के सर्वश्री प्रदीप, प्रद्युम्न, सुमंत कुमार, संदीप कुमार, गौतम, अनिरुद्ध, यश, अश्विन, शांतनु, वेदांत, हर्षवर्धन, वियान, अद्वय और वायु सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें मुखाग्नि दी, जिसके बाद उनकी देह पंचतत्व में विलीन हो गई। गनेड़ीवाल परिवार ने समाज सेवा की अपनी महान परंपरा को जीवित रखा। परिवार की ओर से मुक्तिधाम के व्यवस्थित विकास और नवनिर्माण के लिए अन्नक्षेत्र न्यास कमेटी को एक करोड़ रुपये की विशाल राशि प्रदान करने का ऐतिहासिक संकल्प घोषित किया गया। इसके साथ ही मुक्तिधाम में लकड़ी के लिए भी पांच लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई।उनकी अंतिम विदाई में सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, नरेंद्र नाहटा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता आदि सम्मिलित हुए। शोकसभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी ब्रजेश जोशी ने किया और सिराज कुमार अग्रवाल ने भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

## गायत्री शक्तिपीठ पर नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहूति व कन्या भोज का आयोजन

मंदसौर। गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय अनुष्ठान की पूणार्हुति एवं कन्या भोज का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें यज्ञमान राजूभाई लोहार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य ९ कुंडीय यज्ञ की पूणार्हुति संपन्न कराई। अनुष्ठान की पूर्णता पर कन्या पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटी कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, तिलक लगाया गया, आरती उतारी गई और उन्हें भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए। इस कन्या भोज में शक्तिपीठ के सभी कार्यकताओं ने सेवाभाव से भाग लिया।इस आयोजन में जिला समन्वयक जसवंत सिंह, ईश्वर लाल फरक्या खेजड़िया, वरिष्ठजन हरिशंकर शर्मा, राजाराम तंवर और

## खबर एक नजर...

### मंदसौर मेडिकल कॉलेज को मिला देहदान

**मन्दसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर में एमबीबीएस छात्रों के अध्ययन एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु एक और कैडेवर प्राप्त हुआ है। यह देहदान रतलाम के संजय गहलोत का काकानी वेलफेयर सोसाइटी, रतलाम के माध्यम से तथा गोविंद काकानी के सहयोग से महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। इस समन्वय में डॉ. नटवर गौर, सहायक प्राध्यापक एनाटोमी , डॉ. कार्तिक साल्वे, प्राध्यापक (फार्माकोलॉजी) , डॉ सुनील कांत गुलेरी प्राध्यापक कम्युनिटी मेडिसिन एवं डॉ सौमित्र सेठिया सह प्राध्यापक कम्युनिटी मेडिसिन का योगदान रहा। अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने बताया कि इस नवीन देहदान के साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए कुल 11 कैडेवर प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध हो चुके हैं, जो छात्रों के समुचित पठन-पाठन एवं कौशल विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

### 1, 2 एवं 5 अप्रैल को मंडी प्रांगण में अवकाश

रतलाम। सचिव कृषि उपज मंडी समिति किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि विभिन्न पर्व एवं प्रशासनिक कारणों से 1 अप्रैल (वार्षिक लेखा बंदी), 2 अप्रैल (हनुमान जन्मोत्सव), 5 अप्रैल (रविवार) को मंडी प्रांगण में अवकाश रहेगा। किसान हित को ध्यान में रखते हुए 3 अप्रैल को व्यापारियों की सहमति के आधार पर गेहूं उपज के लिए मंडी का संचालन किया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या आज

नीमच। ग्वालटोली में हाईवे रोड पर स्थित दक्षिण मुखी एवं चमत्कारिक श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर इस बार 20 वां श्री हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ 1 व 2 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा भक्तगण के सहयोग से श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या, श्रीराम धुन, हवन, विशाल भंडारा, महाआरती, 56 भोग सहित अन्य आयोजन किये जायेंगे, जिसकी तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण की जा चुकी हैं। मंदिर समिति के संरक्षक गोविंद सफा,सह कोषाध्यक्ष कुंदन पटेल व कार्यकारिणी सदस्य अशोक सुराह ने बताया कि आज 1 अप्रैल को मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### नवनियुक्त 6 एल्डरमेंनों का किया अभिनन्दन

नीमच। शासन द्वारा प्रदेश की निकायों में की गई एल्डरमेन की नियुक्ति के तहत नगर पालिका परिषद नीमच में भी 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए। नगर पालिका नीमच में नियुक्त नवनियुक्त एल्डर मेन श्री शांतिलाल गुप्ता, श्री शंकर बंसल, श्रीमती लता हरित, श्रीमती आकांक्षा तलरेजा,श्री मनीष बेंस व श्री हरभजन सिंह सलूजा का स्वागत नगर पालिका कार्यालय स्थित नपाध्यक्ष कक्ष में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वातिगौरव चोपड़ा, सीएमओश्रीमती दुर्गा बामनिया उपस्थित थे।

# कुक्षी तहसील के जैन पत्रकार भी हुए सम्मानित

## जैन पत्रकार परिषद का 'पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह' आयोजित




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

जैन पत्रकार परिषद का 'पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह' भव्यता, गरिमा और व्यापक सहभागिता के साथ उज्जैन में हुआ। शंकराचार्य मठ में आयोजित समारोह में विभिन्न राज्यों से जैन पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करने हेतु मालव भूषण आचार्य श्री नवरत्नसागर सूरीश्वर जी म.सा. के सुशिष्य युवा हृदय सम्राट आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर जी म.सा. की पावन निश्रा रही। इस समारोह ने पत्रकारिता को धर्म, नैतिकता और सत्य के साथ जोड़ने का संदेश दिया। समारोह में बखतगढ़ सहित बदनावर व तहसील के जैन पत्रकार शामिल होने उज्जैन पहुंचे। जिन्हें समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी जैन पत्रकारों को विशेष उपहार भेंट किया। आचार्यश्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर जी ने कहा कि हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हम सौभाग्य से जैन हैं। जैन परंपरा आपके आचरण को निर्माण करती है। हम भगवान महावीर के अनुयायी हैं। इसलिए हमें संप्रदाय से हटकर जैन धर्म को प्राथमिकता देते हुए जैन धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। जैन पत्रकार जैन धर्म के सच्चे सिपाही होते हैं और सरस्वती आपके हाथों में बसी हुई है। अपने संप्रदाय और गुरु की मान्यता को कायम रखें। लेकिन जहां जैन और जिनशासन की बात आए वहां हाथ से हाथ मिलाकर एक जुट होना चाहिए। भगवान महावीर के उपदेश आज के समय में अत्यंत लोकोपयोगी हैं। उनके संदेशों को जन-जन तक पहुँचाकर ही लोक और परलोक को सुधारा जा सकता है।

श्री तीर्थरत्नसागर सूरीश्वर जी ने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि परिवार के साथ समाज के लिए भी कोई ऐसा कार्य करें कि हमारा धर्म सुरक्षित रहे। संगठन बनाने का एक मात्र उद्देश्य कि समाज में नया परिवर्तन आए। आज समाज के निचले व्यक्ति को समाज की ज्यादा आवश्यकता है। संगत सबसे ज्यादा असर करती है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का विदाई समारोह आयोजित

बड़वानी। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बड़वानी के अंतर्गत सेक्टर बालकुंआ के आंगनवाड़ी केन्द्र लोनसरा क्र. 2 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता गोयल की 62 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर गरिमामय विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति वास्कले द्वारा श्रीमती गोयल को उनके सफल कार्यकाल के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें श्रीमती कविता बर्डे, श्रीमती शशिकला मालवीया, श्रीमती चंपा रावत, सुश्री मुन्नी चौहान, श्रीमती कविता बघेल, श्रीमती बसंती भिड़े, श्रीमती सेवंती अहिरवाल, श्रीमती संध्या मुजाल्दे, आदि उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 1 व 2 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित

**बुरहानपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 1 और 2 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल को बड़े गणपति मंदिर से विशाल वाहन रैली निकलकर गणपति नाका, रिलायंस पेट्रोल पंप, शनवारा गेट, मण्डी चौराहे, ठाकुर कांप्लेक्स, सिटी कोतवाली, शनि मंदिर, भाई साहब की हवेली, राजपुरा, न्यामतपुरा होते हुए सालासर हनुमान मंदिर के सामने रास्तीपुरा हनुमान मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। इस वाहन रैली की अगवानी गौभक्त और सुप्रसिद्ध कथावाचक फैज खान साहब करेंगे।अगले दिन 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विठ्ठल मंदिर से लोधीपुरा तक गाजे-बाजे अखाड़े के साथ भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो ईच्छेश्वर हनुमान मंदिर परिसर पर पहुंचेगी।

वहां श्री ईच्छेश्वर हनुमान जी की महा आरती होगी और प्रसादी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती की प्रस्तुति श्री हारून खान, संजय दुबे ब्रह्मपुर द्वारा और कुमारी जाह्नवी दिघे सूरत एवं खुशबू चौकसे ब्रह्मपुर द्वारा मधुर स्वरों में की जाएगी।

# नगर में मंगलवार को श्वेतांबर जैन समाज द्वारा, महावीर जन्म कल्याणक पर चल समारोह निकला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देपालपुर

नगर में मंगलवार को श्वेतांबर जैन समाज द्वारा प्रभु महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के अंतर्गत नवकारसी, वरघोड़ा, महाआरती, जीवदया एवं अनुकंपा का विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। महोत्सव परम पूज्य आचार्य देव विश्व रत्नसागर सूरीश्वर महाराज एवं साध्वी शीलरेखा महाराज आदिठाना के मार्गदर्शन और आशीर्वाद में आयोजित किया गया।

चल समारोह का शुभारंभ मोदी मांगलिक जैन धर्मशाला से हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चमन चौराहा, इंदौर नाका, तिलक मार्ग और जय स्तंभ चौक से गुजरकर जैन समाज के उपासरा स्थल पर पहुंची, जहां समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धर्मध्वज, बैंड-बाजे और धार्मिक जयघोषों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।



उपासरा स्थल पर आचार्य कीर्तिरत्न सूरी के मुखारविंद से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि श्रद्धालु जब भी मंदिर जाएं तो अपने अहंकार, जिद, घृणा और दुर्गुणों को भगवान के चरणों में समर्पित करने का संकल्प लें।

उन्होंने जीवदया पर विशेष ध्यान देने और झूठ, पाखंड व आडंबर से दूर रहकर सच्ची साधना व उपासना करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची तपस्या वही है, जो आत्मशुद्धि की ओर ले जाए।

### स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शालाओं में आयोजित किये जायेंगे। 1 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल क्रमांक 3 बडवानी में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जायेगा। इसमें सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं पालकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं पात्र विद्यार्थियों को साईकिल वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। कक्षा पहली में नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण भी किया जाएगा। जिले की समस्त शालाओं में भी 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा

# जनसुनवाई में 36 आवेदनों को अधिकारियों ने सुना व दिये निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला एवं अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम कुकरा निवासी श्रीमती सुशीला धनगर ने पति की मृत्यु



पश्चात बच्चों की पढ़ाई हेतु स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए जनसुनवाई कर रहीं जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल संज्ञान लिया और आवेदन को जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर प्रकरण की त्वरित जांच कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

ग्राम डोंगरगाँव तहसील पाटी निवासी श्री राजु पिता गिलदार ने आवेदन प्रस्तुत कर स्कूल व आंगनवाड़ी के पास सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु स्पीड ब्रेकर एवं जाली लगवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर जनसुनवाई जिला पंचायत सीईओ ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें जनसुनवाई में ग्राम धारखेड़ा निवासी श्री नंदु, अनारसिंह एवं अन्य द्वारा आवेदन देकर बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी निर्माण के 111 दिनो की लंबित मजदूरी का भुगतान करने हेतु आवेदन दिया। जल जीवन मिशन में कार्य करने वाले मजदूरों के लंबित भुगतान के मामले में ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही कर राशि दिलवाने के निर्देश दिए गए।

# उर्फी जावेद ने बनाया खुद का मजाक, नेटिजंस को भाया अजब-गजब अंदाज

## बोले- कम से कम वह रियल है

कभी बोल्ड तो कभी क्रिएटिव अटायर में फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाली उर्फी जावेद हाल ही में अलग अंदाज में नजर आईं। इस बार वह सिंपल लुक में एक इवेंट में पहुंची लेकिन यहां पर अपना मजाक उड़ाने से बाज नहीं आईं। जिस बात के लिए वह कुछ वक्त पहले ट्रोल हुई थी, उसी चीज को अपनी टी-शर्ट पर उर्फी ने प्रिंट करवा लिया। साथ ही पैपराजी के सामने आकर इस टी-शर्ट में खूब फोटो खिंचवाए।



### सूजे होंठ वाली अपनी तस्वीर को उर्फी ने टी-शर्ट पर प्रिंट किया

एक इवेंट से उर्फी जावेद का वीडियो वायरल है। इसमें वह अपनी बहन के साथ शामिल हुईं। इवेंट में उर्फी जावेद ने एक टी-शर्ट पहनी है, जिसमें उनकी ही फोटो प्रिंट है। इस फोटो में उर्फी के होंठ सूजे हुए हैं। अपनी टी-शर्ट की तरफ उर्फी पैपराजी को ध्यान देने के लिए कहती हैं और मुस्कुराती हैं। इस तरह वह अपना मजाक खुद ही बनाती हैं।

### क्या है होंठ सूजने का मामला?

उर्फी जावेद अक्सर ही कॉस्मेटिक प्रोसिजर कराती हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने लिप और स्माइल लाइन फिलर्स को हटवाने का फैसला लिया है। इस प्रोसेस का पूरा वीडियो उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। उर्फी ने बताया कि उन्हें कुछ साल पहले फिलर्स करवाए गए थे, लेकिन समय के साथ उनका असर बिगड़ गया और चेहरा खराब लगने लगा। इसीलिए उन्होंने उन्हें डिजॉल्व करवाने का मुश्किल फैसला लिया। इस प्रोसेस के बाद उर्फी के होंठ सूज गए थे। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने उनका खूब मजाक बनाया था। अब उसी फोटो को उर्फी ने अपनी टी-शर्ट पर प्रिंट करवाया और फैंस को पुरानी बात याद दिला दी।

सोशल मीडिया यूजर्स ने भी उर्फी की तारीफ की, उनकी बेबाकी को सराहा। नेटिजंस का मानना है कि वह जैसी भी खुद को सबके सामने वैसे ही पेश करती हैं।



### रियलिटी शो में भी नजर आ चुकी हैं उर्फी जावेद

उर्फी जावेद रियलिटी शो ह्यस्पिट्सविलाह्ल का हिस्सा बनी हैं, बतौर होस्ट इस शो से जुड़ी हैं। वह कई और रियलिटी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। अपनी ही लाइफ पर एक रियालिटी शो ह्यफॉलो कर लो यार उर्फी ने किया। साथ ही वह रियालिटी शो एंगेज्ड रोका या धोखा और ट्रेटर्स में का भी हिस्सा बनी थीं।





# कूपर ने पंजाब को घर में बनाया किंग

## गुजरात को तीन विकेट से धोया, कोनोली ने पहले ही मैच में खेली नाबाद पारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुल्लांपुर

कूपर कोनोली दबाव की परिस्थितियों में भी तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के इस 22 वर्षीय ऑलराउंड की इसी खूबी के चलते उन्हें तीन करोड़ में खरीदा था। मंगलवार को कूपर ने अकेले दम पर टीम को गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट की जीत दिला यह साबित भी किया।

कूपर ने 44 गेंदों में पांच छक्कों और इतने ही चौकों से 72 रन की पारी खेलकर लीग में यादगार पदार्पण किया। उन्होंने प्रभसिमरन (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 76 रन की साझेदारी भी निभाई। इससे पंजाब ने 163 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस ने 18 और अंत में बार्टलेट ने नाबाद 11 रन की पारी खेली। गुजरात ने प्रसिद्ध कृष्णा की अगुआई में पंजाब के लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर दबाव बनाया। पर कूपर की पारी ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गुजरात के बल्लेबाज जिस पिच पर सिर्फ तीन छक्के लगा पाए उसी पर पंजाब ने झड़ी लगा दी। टीम ने कुल 14 छक्के जड़े जिसमें से नौ (प्रभसिमरन 4, कूपर 5) दो बल्लेबाजों के बल्ले से निकले। वहीं छह चौके पंजाब के बल्लेबाजों ने तो 15 गुजरात ने लगाए। इससे पहले तेज गेंदबाज विजय कुमार वैशाक और लेग स्पिनर चाहल ने गुजरात के बल्लेबाजों पर लगाम लगाते हुए उसे छह विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात के सिर्फ दो खिलाड़ी कप्तान गिल (39) और बटलर (38) ही तीस का आंकड़ा पार कर सके। पंजाब के लिए वैशाक ने तीन विकेट चटकाए।

## यानसेन ने दिया झटका



बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गिल ने कुछ अच्छे शॉट खेले। उन्होंने सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए 37 और बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यानसेन ने सुदर्शन (13) को एक गेंद पर ऐसा शॉट खेलने पर मजबूर किया जो सीधे मिड-ऑफ की तरफ गया जहां अय्यर ने आसानी से कैच लपक लिया। चाहल आठवें ओवर में गेंदबाजी करने आए। उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज को चौथी बार अपना शिकार बना लिया। गिल ने डीप मिड-विकेट की तरफ शॉट खेला और कैच आउट हो गए।

### अर्शदीप ने फेंका 11 गेंद का ओवर सबसे लंबा ओवर



अर्शदीप ने पारी का 19वां ओवर 11 गेंद का फेंका। यह आईपीएल इतिहास का संयुक्त सबसे लंबा ओवर रहा। इससे पहले पांच गेंदबाजों ने भी 11-11 गेंद का ओवर फेंका था। मोहम्मद सिराज (ओवर 19वां, 2023), तुषार देशपांडे (ओवर चौथा, 2023), शार्दुल ठाकुर (ओवर 13वां, 2025), संदीप शर्मा (ओवर 20वां, 2025) और हार्दिक (ओवर 8वां, 2025) ऐसा कर चुके हैं।














18 महापुराण (क्रमवार)
1 ब्रह्म पुराण
2 पद्म पुराण
3 विष्णु पुराण
4 वायु पुराण
5 भागवत पुराण
6 नारद पुराण
7 मार्कण्डेय पुराण
8 अग्नि पुराण
9 भविष्य पुराण
10 ब्रह्मवैवर्त पुराण
11 लिंङ्ग पुराण
12 वराह पुराण
13 स्कन्द पुराण
14 वामन पुराण
15 कूर्म पुराण
16 मत्स्य पुराण
17 गरुड़ पुराण
18 ब्रह्माण्ड पुराण



श्री कृष्ण: 8 दिव्य रूप
1. बाल गोपाल
(माखन चोर)
2. कालिया मर्दन
(नाग नथैया)
3. गोवर्धन धारी
(रक्षक)
4. मुरलीधर
(प्रेमी)
5. द्वारकाधीश
(राजा)
6. पार्थसारथी
(गीता उपदेशक)
7. विश्वरूप
(विराट रूप)
8. जगन्नाथ
(कलियुग रूप)
UNSEEN GK

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नेको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एडिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**


7 चिरंजीवी:
जो आज भी जीवित हैं
हनुमान
परशुराम
विभीषण
अश्वत्थामा
राजा बलि
वेद व्यास
कृपाचार्य
UNSEEN GK


भारत की 7 मोक्ष पुरियां
अयोध्या (राम जन्मभूमि)
मथुरा (कृष्ण जन्मभूमि)
हरिद्वार (गंगा द्वार)
द्वारका (मोक्ष द्वार)
काशी (विश्वनाथ Dham)
अवंतिका (उज्जैन - महाकाल)
कांची (दक्षिण काशी)

■ वर्ष-12 अंक-145 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्॥

**भावार्थ** : विद्या का धन चोर चुरा नहीं सकता, राजा छीन नहीं सकता, भाई बांट नहीं सकते और यह बोझ भी नहीं बनता। खर्च करने पर यह बढ़ता ही है। यह सबसे श्रेष्ठ धन है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवारः 01 अप्रैल, 2026

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है।
मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### मन्दिरे भगदड़म

बिहारस्य नालन्डामण्डले शीतलमातामन्दिरस्य भगदड़ः, तदनन्तरं अष्टमहिलानां मृत्योः च, हृदयविदारकं तथा च विक्षोभजनकम्। व्यवस्था संवेदनशीलतां प्राप्तुं पूर्वं कति अधिकाः एतादृशाः घटनाः अवश्यं भवेयुः ? प्रत्येकं एतादृशी घटना घटते तस्य प्रभावः कतिपयान् दिनानि यावत् अनुभूयते, ततः सर्वं सामान्यं भवति । यथा विस्तरेण ज्ञायते, प्रतिमङ्गलवासरे अयं मन्दिरः देवीदर्शनार्थं भक्तैः सङ्कीर्णः भवति । अस्मिन् वर्षे चैत्रमासस्य अन्तिममङ्गलवासरः इति कारणतः बहुसंख्याकाः भक्ताः समागताः, येषां प्रबन्धनं कर्तुं न शक्यते स्म, येन एषा दुःखदघटना अभवत् साधु यत् मुख्यमन्त्री नीतीशकुमारः प्रत्येकस्य मृतस्य आश्रितानां कृते ६ लक्षरूप्यकाणां क्षतिपूर्तिं घोषितवान्, केन्द्रसर्वकारेण च २ लक्षरूप्यकाणां क्षतिपूर्तिः, आहतानाम् चिकित्सायाः पूर्णव्ययः च घोषितः। परन्तु अतः परं मन्दिरे जनसमूहस्य प्रबन्धने दोषाणां अन्वेषणस्य आवश्यकता वर्तते, येन एतेषां मार्गदर्शिकानां आधारेण दृढमार्गदर्शिकाः स्थापयितुं शक्यन्ते, तेषां अनुपालनं च राज्यस्य सर्वेषां पूजास्थानानां अधिकारिणां कृते, निष्पक्षप्रशासनस्य च कृते अनिवार्यं कर्तुं शक्यते। अस्माकं देशे जनसमूहप्रबन्धनं अद्यापि एकं आव्हानं वर्तते। बहुकालपूर्वं तमिलनाडुराज्यस्य करुर्-नगरे अभिनेता विजयस्य राजनैतिकसभायां भगदौ ४० तः अधिकाः जनाः मृताः, १०० तः अधिकाः जनाः च घातिताः। अमात्रेभ्यः कतिपयेभ्यः मासेभ्यः पूर्वं आईपीएल-क्रिकेट्-दलस्य रॉयल चैलेन्जर्स् 'बेङ्गलूरु-नगरस्य विजयशोभायात्रायां भगदड़-प्रहारेन ११ जनानां प्राणाः गताः कुम्भमेलायां प्रयागराज-नवीदिल्ली-रेलस्थानकयोः दुर्घटनाः वयं न

**पश्चिम एशियायां 18 गूगल-मेटा-सदृशानां कम्पनीनां नामानि प्रकाशयति**

## इरान आक्रमणैः प्रेरितम अमेरिकी कम्पनीनां विस्फोटनस्य धमकीम



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेहरान

इरान-अमेरिका-इजरायलयोः मध्ये तनावः नूतनं मोक्षबिन्दुं प्राप्तवान । सैन्य-ऊर्जा-सुविधाभ्यः परं गत्वा अधुना प्रमुखाः कम्पनयः लक्ष्यं भवन्ति । इराणस्य क्रान्तिरक्षकदलेन मंगलवासरे पश्चिम एशियायां मेटा, गूगल इत्यादीनां १८ अमेरिकीकम्पनीनां सूची जारीकृत्य सम्भाव्य आक्रमणानां विषये चेतावनी दत्ता।

ततः पूर्वं इरान्-देशस्य इस्फाहान-नगरस्य नान्ट्स्-परमाणु-सुविधायाः समीपे अमेरिका-देशेन प्रातःकाले अनेकेषु प्रमुखेषु सैन्य-प्रतिष्ठानेषु प्रचण्ड-बम-प्रहारः कृतः ।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्डको इत्यनेन विज्ञप्तौ चेतावनी दत्ता यत् यदि शीर्षनेतारः लक्षिताः भवन्ति तर्हि बुधवासरात् आरभ्य अमेरिकीकम्पनीषु आक्रमणं भविष्यति। अमेरिकी-टेक-कम्पनयः पूर्वं अधिकारिणां हत्यासु सम्मिलिताः इति आईआरजीसी-संस्थायाः आरोपः अस्ति । इरान्-देशे अद्यतन-आक्रमणानां प्रतिकाररूपेण एतत् कदमः दृश्यते । क्रान्तिरक्षकदलेन अपि स्ववक्तव्ये उक्तं यत् अमेरिकीकार्यक्रमं स्थगयितुं पुनः पुनः चेतावनीः निरन्तरं उपेक्षिताः सन्ति। लक्षितहत्याः प्रमुखान नेतारः लक्ष्यं कुर्वन्ति।

एताः कम्पनयः समाविष्टाः सन्ति : प्रकाशितानां कम्पनीनां सूचीयां माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एप्पल, अमेजन, टेस्ला, इन्टेल, आईबीएम, बोइङ्ग, मेटा, नेवाडा, ओरेकल, डेल टेक्नोलॉजीज, हेवलेट् पैकार्ड इन्टरप्राइज, सिस्को सिस्टम्स, इन्टरनेशनल बिजनेस मशीन्स् कॉर्प, जेपी मॉर्गन चेस्, जनरल इलेक्ट्रिक, पलान्टि 'च सन्ति परन्तु क्रिया कुत्र भविष्यति इति न उक्तम् । कर्मचारिणः सल्लाहं दत्तवन्तः : कक्कक्क इत्यनेन अमेरिकनकम्पनीनां कर्मचारिभ्यः प्रभावितक्षेत्राणि निष्कासयितुं सल्लाहः दत्तः। एतेभ्यः कम्पनीभ्यः एककिलोमीट-'अन्तरे निवसन्तः जनाः अपि सुरक्षितस्थानेषु गन्तुं कथिताः आसन्

इराणस्य प्रमुखसैन्यप्रतिष्ठानानि लक्षितानि : पूर्वं अमेरिकादेशेन इराणस्य इस्फाहाननगरस्य नान्ट्जपरमाणुसुविधायाः समीपे मंगलवासरे प्रातःकाले अनेकेषु प्रमुखसैन्यस्थापनस्थानेषु प्रचण्डबमप्रहारः कृतः। इरान्देशस्य प्रमुखं सैन्यकेन्द्रं परमाणुसुविधायाः समीपे एव एते आक्रमणानि अभवन् । आक्रमणानां अनन्तरं अनेकस्थानेषु विशालाः अग्निः प्रज्वलितः । अग्निधूमस्य च विशालाः प्लवङ्गाः नगरस्य आकाशे दृश्यन्ते स्म । अमेरिकीमाध्यमेषु उक्तं यत् अमेरिकादेशः इस्फाहाननगरे बङ्कर-बस्टर-बम्बैः आक्रमणं कृतवान्, शस्त्र-आगारं लक्ष्यं कृत्वा। आक्रमणेषु द्विसहस्त्रकिलोग्रामभारस्य बम्बस्य उपयोगः कृतः । अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः सामाजिकमाध्यमेषु आक्रमणस्य एकं भिडियो स्थापितवान् तथापि इरान्देशेन आक्रमणानां पुष्टिः न कृता।

## बिहारस्य नालन्दायां पूजाकाले दुःखददुर्घटना आतङ्कं जनयति

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बिहार शरीफ

बिहारस्य नालंदानगरस्य शीतलमातामन्दिरसङ्कुलस्य मघरामेलायां आस्थायाः वातावरणं मंगलवासरे प्रातःकाले शोकरूपेण परिणतम्। पूजाकाले अष्टौ महिलाभक्ताः मृताः, दशाधिकाः अपि घातिताः अभवन् । घटनायाः अनन्तरं प्रशासनेन अस्थायीरूपेण मन्दिरं बन्दं कृत्वा भक्तानाम् आवागमनं प्रतिबन्धितम् । चैत्रमासस्य अन्तिममङ्गलवासरे प्रायः २५,००० भक्ताः पूजायाः कृते मन्दिरसङ्कुलस्य समीपे समागताः आसन् । बहुजनसमूहस्य अभावेऽपि पुलिस नियोजितः नासीत् । प्रत्यक्षदर्शिनां मते पूजायाः कृते त्वरितम् आसीत् । प्रातः ९ वादने मन्दिरस्य सिंहद्वारस्य समीपे एका महिला भक्ता सहसा बेहोशी अभवत् । अनेन भगदड़ः उत्पन्नः । अनेकाः स्त्रियः भूमौ पतिताः, जनसमूहः तान् पदातिन् धावितुं आरब्धवान् । दुर्घटने अष्टौ महिलाः मृताः। घातितानां बिहारशरीफसदर-अस्पताले, पवापुरी-चिकित्सा-महाविद्यालये च चिकित्सा क्रियते ।

एकघण्टायाः अनन्तरं पुलिस आगता : स्थानीयजनाः तान् सूचितवन्तः अपि एम्बुलेन्सः अर्धघण्टायाः अनन्तरं घटनास्थले आगतः, पुलिस च एकघण्टायाः अनन्तरं। ततः पूर्वं जनाः ई-रिक्शायानेन पञ्च शवः चिकित्सालयं प्रति परिवहनं कुर्वन्ति स्म । परिवारजनाः स्थानीयनिवासिनः च प्रशासने प्रमादस्य आरोपं कृत्वा कोलाहलं कृतवन्तः। पुलिस कथञ्चित् जनसमूहं शान्तं कर्तुं समर्थः अभवत् । घटनास्थल निरीक्षण कर राज्य डीजीपी विनय कुमार ने दीपनगर थाना प्रमुख राजमणि सहित चार पुलिसकर्मियों को लापरवाही के कारण निलंबित किया। संकुचितवन्तः' : एडीजी कुन्दनकृष्णन् इत्यनेन उक्तं यत् मन्दिरसङ्कुलस्य सम्पूर्णं प्रबन्धनं पुरोहितानाम् हस्ते अस्ति।

## घूसस्य आग्रहं कृत्वा एमसीडी उपायुक्तः गृहीतः

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली नगर पालिकायाः (एमसीडी) शाहदरा उत्तरक्षेत्रे भ्रष्टाचारस्य प्रमुखः प्रकरणः सीबीआइ-संस्थायाः उद्घाटितः अस्ति । उपायुक्त अभिषेक मिश्रा तथा प्रशासनिक अधिकारी देवंशु गौतम घूस स्वीकार कर ग्रहण किया गया है। अधिकारिणः अवदन् यत् उपायुक्तः अभिषेकमिश्रः एमसीडी-कर्मचारिणां निलम्बितद्वयस्य विरुद्धं शिकायतया अन्वेषणं कुर्वन् आसीत्। आरोपः अस्ति यत् गौतमः नगर उपायुक्तस्य पक्षतः शिकायतां कृते अन्वेषणप्रतिवेदनं तेषां पक्षे अग्रे सारयितुं विनिमयरूपेण 4 लक्षरूप्यकाणां घूसस्य आग्रहं कृतवान्। सीबीआइ-संस्थायाः शिकायतया आधारेण २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य ३० दिनाङ्के प्रकरणं पञ्जीकृतम् । केन्द्रीय अन्वेषणसंस्था जालं स्थापयित्वा शिकायतया कार्यं कृत्वा घूसं स्वीकुर्वन् प्रशासनिकपदाधिकारिणः रक्तहस्तेन गृहीतवती।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों.

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है,

**तुला** : व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। नतीजतन, कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।

**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है।

## ज्योतिष/वास्तु

# मजबूत चंद्रमा देता है सफलता और मानसिक शांति, जानें इसके संकेत और फायदे

ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन, भावनाओं, विचारों और मानसिक स्थिति का कारक माना गया है। यह हमारी सोच, संवेदनशीलता और प्रतिक्रिया देने के तरीके को प्रभावित करता है। अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में चंद्रमा मजबूत स्थिति में होता है, तो उसका सीधा असर उसके स्वभाव और जीवन शैली पर देखने को मिलता है।

मजबूत चंद्रमा वाले व्यक्ति का मन स्थिर और शांत रहता है। ऐसे लोग छोटी-छोटी बातों में परेशान नहीं होते और कठिन परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखते हैं। उनके अंदर निर्णय लेने की क्षमता अच्छी होती है, जिससे वे सही समय पर सही फैसला ले पाते हैं। मानसिक मजबूती के कारण ये लोग तनाव और चिंता से जल्दी बाहर निकल आते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि कुंडली में चंद्रमा की मजबूत स्थिति कौन सी होती है और इससे क्या प्रभाव देखने को मिलता है।




### कब माना जाता है चंद्रमा मजबूत?

जब चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में हो।

केंद्र या त्रिकोण भाव में स्थित हो।

शुभ ग्रहों की दृष्टि या प्रभाव में हो।

### कमजोर चंद्रमा के संकेत

मानसिक अस्थिरता और चिंता बढ़ना।

निर्णय लेने में कठिनाई होना।

भावनात्मक असंतुलन महसूस होना।

मजबूत चंद्रमा के प्रमुख प्रभाव

1. मानसिक स्थिरता और शांति

मजबूत चंद्रमा व्यक्ति के मन को शांत और स्थिर बनाता है।

कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति संतुलन बनाए रखता है।

तनाव और चिंता से जल्दी बाहर निकलने की क्षमता होती है।

2. भावनात्मक संतुलन

ऐसे लोग अपनी और दूसरों की भावनाओं को अच्छी तरह समझते हैं।

रिश्तों को निभाने में कुशल होते हैं।

कोमलता और संवेदनशीलता होती है।

3. बेहतर स्वास्थ्य

मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

नींद से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं।

डिप्रेशन और घबराहट जैसी परेशानियों का खतरा कम होता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com